गंगा प्रदूषण नियंत्रण अभियान की उपलब्धियां

*९९. **श्री अनन्तराम जायसवल :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गंगा प्रदूषण नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत अब तक क्या क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं और उसके अन्तगत प्रत्येक मद में खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार के पास भारत की अन्य नदियो को भी प्रदषण-मुक्त करने की कोई योजना है ; और

(ग) यदि हां, तो उसे कब तक लागू किये जाने की संभावना है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती मेनका गांधी) : (क) गंगा कार्य योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल, इन तीन राज्यो के लिए 302.26 करोड़ रुपए की लागत पर 262 स्कीमें मंजूर की गई हैं । ये स्कीमें म्यूनिसिपल अपशेष-जल को रोकने, उसकी दिशा बदलने और उसका उपचार करने, अल्प-लागत सफ़ाई, विद्युत् शवदाह गृह बनाए जाने और नदी तट की सुविधाओं के बारे में हैं । मंजूर की गई कुल स्कीमें, स्कीमों की लागत, पूरी की गई स्कीमों की संख्या और अक्तूबर, 1990 तक इन स्कीमों पर किया गया कुल खर्च, प्रत्येक मदवार नीचे दिया गया है :—

स्कीम का नाम	मंजूर की गई स्कीमों की संख्या	स्कीमो की लागत (रु. करोड़ मे)	पूरी की गई स्कीमों की संख्या	अब तक खर्च की गई धन राशि (रु. करोड़ मे)
सीवेज अवरोधन और दिशा-परिवर्तन	89	120.93	47	86.60
सीवेज उपचार संयुत्र	35	121.40	6	46.91
अल्प-लागत सफाई	43	21.98	39	18.36
विद्युत शवदाहगृह	28	12.32	13	12.07
नदी-तट सुविधाएं	35	13.77	27	12.19
अन्य	32	11.86	22	9.25
कुल योग :	262	302.26	154	185.38

अवरोधन और दिशा बदलने की, अब तक पूरी की गई स्कीमों के फल-स्वरूप, लगभग 388 मिलियन लीटर प्रतिदिन मूनिसिपल अपशेष जल को गंगा नदी में गिरने से रोका जा सकता है ।

(ख) और (ग). एक राष्ट्रीय नदी कार्य योजना सरकार के विचाराधीन है ।

दिल्ली में सड़क दुर्घटनाएं

*९९. **श्री राम नरेश यादव :** क्या जल-भू :ल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) अगस्त, 1990 से अब तक दिल्ली में, मासवार, कितनी-कितनी सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं ;

(ख) इन दुर्घटनाओं मे कितने व्यक्ति/छात्र हताहत हुए;

(ग) इन दुर्घटनाओं में दिल्ली परिवहन निगम तथा दिल्ली परिवहन निगम के अधीन चलने वाली कितनी प्राइवेट बसों शामिल थी ;

(घ) उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई हैं और कितनी बसों के लाइसेंस रद्द किये गये है , और